

# FUTURE U.

## वीडियो विषय श्रंखला गाइड

कक्षा 6-12 के छात्रों को उनकी क्षमता को अपनाने में मदद करने, उन्हें समस्या सुलझाने के ज़रिए से प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करने और भविष्य के लिए कुछ नया करने के लिए, फ़्यूचर यू (FUTURE U) सीखने के ऐसे अनुभव प्रदान करता है, जो इंटरैक्टिव हैं और वास्तविक दुनिया की स्थितियों पर आधारित होते हैं।

## वीडियो सीरीज़ के बारे में

पाँच-भाग वाली वीडियो विषय श्रंखला, *नवाचार के लिए पासपोर्ट* के दौरान, छात्र दुनिया भर में स्थित बोइंग के पाँच सबसे अहम लोकेशन से परिचित होंगे। संयुक्त अरब अमीरात से दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान, छात्रों को बोइंग के विविध, जुनूनी और अत्यधिक सक्षम कर्मचारियों और जहाँ वे काम करते हैं, उन क्षेत्रों में मौजूद विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, रीति-रिवाज़ों और परंपराओं की गहरी समझ हासिल होगी। सभी व्यक्तिगत एपिसोड वैश्विक नवाचार की थीम से जुड़े हुए हैं। हर एपिसोड बोइंग की पहचान के एक अलग पहलू पर केंद्रित है, जिसमें सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने से लेकर समुदाय की मदद करने तक, उत्पादन से लेकर प्रौद्योगिकी तक और यह सब सांस्कृतिक स्वीकृति को अपनाते हुए किया जाता है। एक लोकेशन से दूसरे लोकेशन तक अपने सफ़र के दौरान, दर्शक इस तरह के सवालों के जवाब तलाशेंगे: वैश्विक भागीदारी के ज़रिए से किस प्रकार की नवीन विकास हासिल किया जा सकता है? और, अंतरराष्ट्रीय कार्यबल दुनिया भर के लोगों को कैसे जोड़ सकते हैं?

## कक्षा के लिए

निम्नलिखित में से एक या एक से ज़्यादा गतिविधि के साथ इस विषय श्रंखला को अपनी कक्षा में शामिल करें:

- *वैश्विक भागीदारी पर चर्चा:* वीडियो देखने के बाद, दुनिया भर के क्षेत्रों में बोइंग द्वारा किए जा रहे कामों के बारे में कक्षा में चर्चा करें। जब छात्र इस बात पर चर्चा कर रहे हों कि विविध सांस्कृतिक नज़रिए और ज्ञान कैसे नवीन प्रगति का कारण बन सकते हैं, तो उन्हें वीडियो से विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- *वांतरिक्ष यानि एयरोस्पेस का भविष्य:* वीडियो देखने के बाद, छात्रों को सस्टेनेबिलिटी, वैश्विक भागीदारी और तकनीकी प्रगति पर विचार करते हुए एयरोस्पेस के भविष्य की कल्पना करने की चुनौती दें। वे बोइंग के नवाचारों से प्रेरित होकर अपने विज़न को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियाँ, मॉडल या लिखित सारांश बना सकते हैं।
- *बहु-साँस्कृतिक (क्रॉस-कल्चरल) ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन*: वीडियो देखने के बाद, कक्षा को समूहों में बाँट दें जिसमें हर विद्यार्थी एक अलग बोइंग साइट का प्रतिनिधित्व करता है। हर लोकेशन के प्रमुख गुणों और योगदानों का विश्लेषण करते हुए, समूहों को एक नई वैश्विक पहल के आइडिया सोचने की चुनौती दें जो हर लोकेशन की विशेषताओं को शामिल करता हो।

कॉपीराइट © 2021 डिस्कवरी एजुकेशन। सर्वाधिकार सुरक्षित। डिस्कवरी एजुकेशन, इंक।

## वीडियो की झलकियाँ

निम्नलिखित वीडियो https://www.boeingfutureu.com/video-topic-series/flight-path पर ऑनलाइन देखे जा सकते हैं

### साउथ कोरिया

बोइंग कोरिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (BKETC) कोरिया में बोइंग के विकास और इस क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2019 में स्थापित, BKETC एवियोनिक्स, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट फ़ैक्ट्री समाधान जैसे क्षेत्रों में नवाचार करने के लिए रणनीतिक वैश्विक भागीदारों के साथ सहयोग करता है।

इस वीडियो को देखने के बाद, निम्नलिखित में से एक या एक से ज़्यादा चर्चा के सवालों या गतिविधि सुझावों का इस्तेमाल करने पर विचार करें:

1. चर्चा करें कि बोइंग की पहचान का कौन सा पहलू BKETC साइट हाइलाइट करती है। यह वैश्विक नवाचार के लिए एक अहम तत्व क्यों है?
2. विद्यार्थियों को सॉफ़्टवेयर और सिस्टम इंजीनियरिंग, डेटा एनालिटिक्स और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसे करियर पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। विनिर्माण उद्योग में नवाचार और बढ़ती सस्टेनेबिलिटी में इस प्रकार के करियर की भूमिका पर चर्चा करें।

### संयुक्त अरब अमीरात

अत्याधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से, बेड़े के नवीनीकरण और रेगिस्तानी पौधों से प्राप्त सस्टेनेबल ईंधन के उत्पादन के ज़रिए एविएशन उद्योग को डीकार्बोनाइज़ यानि कार्बन की मात्रा को कम करने की दिशा में काम करते हुए, बोइंग की यूएई साइट सस्टेनेबल एविएशन में सबसे आगे है। यह साइट सक्रिय रूप से विभिन्न प्रकार के सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स की छानबीन कर रही है, जो सभी अपने कार्बन फ़ुटप्रिंट को कम करने और वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य कार्बन एमिशन के साथ उड़ान भरने के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

इस वीडियो को देखने के बाद, निम्नलिखित में से एक या एक से ज़्यादा चर्चा के सवालों या गतिविधि सुझावों का इस्तेमाल करने पर विचार करें:

1. चर्चा करें कि बोइंग की पहचान का कौन सा पहलू यूएई साइट को हाइलाइट करता है। यह वैश्विक नवाचार के लिए एक अहम तत्व क्यों है?
2. डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में बोइंग के चार स्तंभों पर एक जिगसॉ गतिविधि का मुहैया करवाएँ और विद्यार्थियों को इस बात पर निष्कर्ष निकालने और चर्चा करने का मौका दें कि प्रत्येक स्तंभ ग्रह पर शुद्ध-शून्य एमिशन तक पहुँचने के बोइंग के उद्देश्य में कैसे योगदान देता है।
3. विद्यार्थियों को विभिन्न जैव ईंधनों पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिसमें हर एक के फायदे और नुकसान भी शामिल हों। बोइंग के सस्टेनेबल ईंधन कार्बन एमिशन की समस्या के संभावित समाधान के रूप में कितना प्रभावी है?

### इंडिया

बोइंग की इंडिया की साइट की न केवल वाणिज्यिक और रक्षा उद्योगों में मौजूदगी है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनके समर्पण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शिशु मंदिर स्कूल के साथ उनका सहयोग है, जहाँ बोइंग के स्वयंसेवक वंचित बच्चों के लिए एसटीईएम (STEM) कॉन्सैप्ट्स को दिलचस्प बनाते हैं। अपने समुदाय को दान देकर, बोइंग इंडिया "जो परिवर्तन आप देखना चाहते हैं उसका हिस्सा बनें" के लोकाचार का प्रतीक है, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शिक्षा तक की पहल को अपनाता है।

इस वीडियो को देखने के बाद, निम्नलिखित में से एक या एक से ज़्यादा चर्चा के सवालों या गतिविधि सुझावों का इस्तेमाल करने पर विचार करें:

कॉपीराइट © 2021 डिस्कवरी एजुकेशन। सर्वाधिकार सुरक्षित। डिस्कवरी एजुकेशन, इंक।

1. चर्चा करें कि बोइंग की पहचान का कौन सा पहलू इंडिया साइट हाइलाइट करती है। यह वैश्विक नवाचार के लिए एक अहम तत्व क्यों है?
2. चर्चा करें कि बोइंग का स्वयंसेवी एसटीईएम (STEM) कार्यक्रम वैश्विक नवाचार के उत्पादन के लिए आधार के रूप में कैसे काम कर सकता है। अभिनव प्रगति के उत्पादन में सामुदायिक कार्यक्रम क्या भूमिका निभाते हैं?
3. शिशु मंदिर स्कूल के स्वयंसेवकों की तरह, छात्रों को स्थानीय सामुदायिक संगठनों पर शोध करने का अवसर दें जो "परिवर्तन का हिस्सा बनने" की कोशिश कर रहे हैं। अगली पीढ़ी को वैश्विक परिवर्तन एजेंट बनने के लिए तैयार करने के लिए आपके छात्रों को अपने समुदाय में क्या ज़रूरतें दिखाई देती हैं?

## यूनाइटेड किंगडम

सब्ट्रेक्टिव विनिर्माण (सामग्री धीरे-धीरे हटाते हुए किसी पार्ट को बनाना) के उपयोग के इस्तेमाल से, बोइंग की यूनाइटेड किंगडम साइट बोइंग 737 विमान के लिए महत्वपूर्ण हिस्सों के उत्पादन में माहिर है। यह शेफ़ील्ड विश्वविद्यालय के उन्नत विनिर्माण अनुसंधान केंद्र के साथ सहयोग करता है क्योंकि यह केंद्र की उन्नत तकनीक का लाभ उठाता है और एक शिक्षुता कार्यक्रम प्रदान करता है। यह साझेदारी विनिर्माण में ब्रिटेन के गहरे इतिहास और अगली पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस वीडियो को देखने के बाद, निम्नलिखित में से एक या एक से ज़्यादा चर्चा के सवालों या गतिविधि सुझावों का इस्तेमाल करने पर विचार करें:

1. चर्चा करें कि बोइंग की पहचान का कौन सा पहलू शेफ़ील्ड साइट हाइलाइट करती है। यह वैश्विक नवाचार के लिए एक अहम तत्व क्यों है?
2. अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के फायदों पर चर्चा करें। ये कार्यक्रम वैश्विक नवाचार को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं? क्या आपके छात्रों के लिए बोइंग के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम जैसे प्रोजेक्ट उपलब्ध हैं?
3. छात्रों को बोइंग के 737 हवाई जहाज़ या इसी तरह के विमानों के निर्माण और भागों के निर्माण में शामिल विभिन्न करियर पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। छात्रों को कक्षा के साथ शेयर करने और हाइलाइट करने का मौका दें कि इसके लिए विभिन्न प्रकार के कौशल और शैक्षिक अनुभवों की ज़रूरत है।

## ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया में, जो अमेरिका के बाहर बोइंग की सबसे बड़ी साइट है, कंपनी अपने स्वदेशी कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है; प्रोजेक्ट्स जैसे लॉयल विंगमैन और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में उनके योगदान को प्रदर्शित करने और विविधता को बढ़ावा देने के लिए। इसमें ऑस्ट्रेलिया में सबसे व्यापक एयरोस्पेस पोर्टफ़ोलियो भी है - जिसमें उन्नत विनिर्माण और रक्षा प्रणाली के विकास से लेकर अनुसंधान, प्रशिक्षण और मानव रहित प्रणालियों तक सब कुछ शामिल है।

इस वीडियो को देखने के बाद, निम्नलिखित में से एक या दोनों चर्चा के सवालों का इस्तेमाल करने पर विचार करें:

1. चर्चा करें कि बोइंग की पहचान का कौन सा पहलू ऑस्ट्रेलियाई साइट हाइलाइट करती है। यह वैश्विक नवाचार के लिए एक अहम तत्व क्यों है?
2. चर्चा करें कि स्वदेशी लोगों की शिक्षा और रोज़गार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए बोइंग ऑस्ट्रेलिया कैसे काम करता है। यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

कॉपीराइट © 2021 डिस्कवरी एजुकेशन। सर्वाधिकार सुरक्षित। डिस्कवरी एजुकेशन, इंक।